2

पृ.क्र.- 175	
पिछला	अगला

कार्यालय – प्रधान मुख्य वन संरक्षक (कक्ष– संरक्षण), मध्यप्रदेश
प्रथम तल, सतपुड़ा, भवन, भोपाल – 462004

क्रमॉक/एफ13/10 –10/148 /भोपालःदिनांक-12-1-2010

प्रति,

समस्त मुख्य वन संरक्षक,(क्षेत्रीय)

समस्त क्षेत्र संचालक, मध्यप्रदेश ।

विषय :– अति संवेदनशील सागौन वन क्षेत्रों में वृक्षों की चिन्हांकन एवं अभिलेखीकरण।

माननीय वन मंत्री जी के व्दारा निर्देशित किया गया है कि सागौन के वन क्षेत्रों में अति संवेदनशील बीटों में उपलब्ध वृक्षों का चिन्हांकन किया जावे।

यह कार्य आपके वृत्त के अन्तर्गत वन मण्डल की अति संवेदनशील बीटों के समस्त कक्षों में बजट मद 10–2406 वानिकी एवं वन्य प्राणी आयोजनेत्तर योजना शीर्ष 3877 क्षेत्रीय वनमण्डल उद्देशीय शीर्ष # 12 मजदूरी ''. के अन्तर्गत किया जाना प्रस्तावित है ।

प्रत्येक वृक्ष के चिन्हांकन एवं अभिलेखीकरण हेतु मानक चिन्हांकन पध्दति का उपयोग किया जावेगा जिसमें वृक्ष की सतह एवं छाती गोलाई पर कीला (डिजिट सेट) के माध्यम से वृक्ष का क्रमॉक दिया जाकर अभिलेखीकरण किया जायगा ।

इस कार्य हेतु व्यय का आंकलन वृत्त के किसी एक अति संवेदनशील बीट के एक कक्षमें वृक्ष गणना एवं अभिलेखीकरण कर किया जावेगा । इस हेतु कितनी राशि व्यय की गई इसकी जानकारी प्रपत्र – 1 में दी जावेगी । इस कार्य हेतु डेव मार्किंग नहीं की जावेगी । इस तरह एक कक्ष में अभिलेखित किये गये वृक्षों के आधार पर वनमण्डलवार कुल अति संवेदनशील बीटों के समस्त कक्षों हेतु कितने बजट की आवश्यकता होगी , की जानकारी प्रपत्र – 2 में दी जाना है तथा वृत्त अन्तर्गत वनमण्डलवार संवेदनशील बीटों के कुल वृक्षों की गणना हेतु कितना आर्थिक भार आवेगा इसकी जानकारी प्रपत्र – 3 में देना है ।

कृपया उपरोक्तानुसार तीनों प्रपत्रों में जानकारी शीघ्र प्रेषित करें ।

संलग्न – उपरोक्तानुसार ।

8/1/2010
(ए के दुबे)

प्रधान मुख्य वन संरक्षक

मध्यप्रदेश

पृ.क्रं.- 176	
पिछला	अगला

प्रपत्र – 1

सागौन वन क्षेत्र की चयनित अति संवेदनशील बीट के एक कक्ष पर व्यय की जानकारी

वृत्त का नाम	वनमण्डल का नाम	बीट का नाम	चयनित कक्ष क0	रकबा	वृक्षों की संख्या	कुल व्यय राशि	प्रति वृक्ष चिन्हांकन एवं अभि–लेखीकरण पर व्यय	प्रति हेक्टेयर व्यय	विशेष
1	2	3	4	5	6	7	8	9	10

प्रपत्र–2

वृत्त की समस्त सागौन वन क्षेत्र की अति संवेदनशील बीटों के समस्त कक्ष पर संभावित व्यय की जानकारी

वृत्त का नाम	वनमण्डल का नाम	बीटों की कुल संख्या	कक्षों की कुल संख्या	कुल संभावित व्यय	रिर्माक
1	2	3	4	5	6

प्रपत्र–3

वृत्त की समस्त सागौन वन क्षेत्र की अति संवेदनशील बीटों के समस्त कक्ष पर संभावित व्यय की जानकारी

वृत्त का नाम	वनमण्डल का नाम	बीटों की कुल संख्या	कक्षों की कुल संख्या	कुल संभावित व्यय	रिर्माक
1	2	3	4	5	6